राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, बिजनौर
चान्दपुर, बिजनौर – 246725

आजादी का अमृत महोत्सव

संदर्भ संख्या : रा0इ0का0 / अकाद0 / 201 दिनांक : 30 / 08 / 2023

–:: अतिआवश्यक सूचना ::–

संस्थान में अध्ययनरत् सभी छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि संस्थान की नवम् शैक्षिणिक समिति के द्वारा छात्रहित में आगामी शैक्षिक सत्रों हेतु निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नवत् है :–

1. किसी भी छात्र–छात्रा की CT-1 अथवा CT-2 की परीक्षा छूटने के उपरान्त CT-3 की परीक्षा को सम्पन्न नही किया जायेगा।
2. CT-1 की परीक्षा छूटने पर CT-1 Makeup Test तथा CT-2 की परीक्षा छूटने पर CT-2 Makeup Test को सम्पन्न कराया जायेगा।
3. CT-1 Makeup Test, CT-1 की समाप्ति के 15 दिन पश्चात् तथा CT-2 परीक्षा से पूर्व सम्पन्न कराया जायेगा।
4. CT-2 Makeup Test सेमेस्टर परीक्षा से पूर्व सम्पन्न कराया जायेगा।
5. एक सप्ताह तक निरन्तर कक्षा में अनुपस्थित रहने वाले छात्र–छात्राओं का विवरण हर विषय शिक्षक के द्वारा प्रत्येक सप्ताह के अंतिम दिन (शनिवार अथवा शुक्रवार) को विभागाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।
6. छात्र – छात्रा के द्वारा एक सप्ताह तक निरन्तर कक्षा में अनुपस्थित रहने की दशा में विभागाध्यक्षों के द्वारा उक्त छात्रों को फोन / ई–मेल के माध्यम से प्रत्येक सप्ताह सूचित किया जायेगा एवं लगातार कक्षा में अनुपस्थित रहने की दशा में उक्त छात्रों के माता / पिता को पत्र के माध्यम से सूचित किया जायेगा।
7. विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार CT-1 की परीक्षा हेतु छात्र–छात्राओं की प्रत्येक विषय में 70 प्रतिशत की उपस्थिति अनिवार्य है तथा CT-2 की परीक्षा हेतु छात्र–छात्राओं की प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत की उपस्थिति अनिवार्य है।
8. विश्वविद्यालय के निदेर्शो के क्रम में जिस विषय में छात्र – छात्रा की उपरोक्त उपस्थिति नही पाई गई तो सम्बन्धित छात्र–छात्रा को **सम्बन्धित विषय** में Detained किया जायेगा।
9. CT-1 अथवा CT-2 में अनुपस्थित छात्रों के प्रार्थना पत्र एवं डिटेन्ड छात्रों के परर्फोमेन्स को देखते हुए विभागीय स्तर से अनुमोदन के उपरान्त ही Makeup Test में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया जायेगा।

अतः सभी छात्र–छात्राओं को पुनः आदेशित किया जाता है कि वह अपने सभी कक्षाओं मे निरन्तर उपस्थित हो।

भवदीय,

30/8/23

(डॉ0 मोहम्मद अहमद)
अधिष्ठाता शैक्षिक
Dean Academic
Rajkiya Engineering College
Chandpur (Bijnor)

प्रतिलिपिः–

1. मा0 निदेशक महोदय को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. अधिठाता छात्र कल्याण को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. समस्त विभागाध्यक्षों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. O/C वेबसाइट को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. समस्त संकाय सदस्यों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. समस्त संस्थान / छात्रावास सूचना पट्ट।
7. विभागीय पत्रावली।

(डॉ0 मोहम्मद अहमद)
अधिष्ठाता शैक्षिक